# बैला समाचार

एन एम डी सी
NMDC

**बैलाडीला लौह अयस्क खान, किरन्दुल काम्प्लेक्स** **मई, 2023**

## मुख्य महाप्रबंधक का संदेश




प्रिय साथियों,

मैंने दिनांक 24-05-2023 को परियोजना के प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया । मेरे लिए बेहद खुशी की बात है कि मुझे उच्च प्रबंधन में पुनः किरंदुल में सेवा प्रदान करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया। किरंदुल परियोजना एवं समूचा बैलाडिला क्षेत्र मेरे लिए नया नहीं है, मैंने किरंदुल और बचेली में 30 वर्षों से अधिक समय के लिए अपनी सेवाएं दी हैं। इस क्षेत्र के आमूलचूल परिवर्तनों को मैंने करीब से देखा हैं । मुझे सुखद अनुभूति होती है कि, एनएमडीसी की प्रथम परियोजना किरंदुल का नेतृत्व करने का अवसर मुझे मिला है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्वास है कि हम सब मिलकर परियोजना की गरिमा को कायम रखते हुए सदैव उच्च शिखर पर ले जाने के लिए अग्रसर रहेंगे ।

आपको बताते हुए खुशी हो रही है कि एनएमडीसी ने 3.17 एमएनटी का उत्पादन किया और वित्त वर्ष 2024 के दूसरे महीने में 3.62 एमएनटी लौह अयस्क की बिक्री की, जो कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक मई माह का उत्पादन और बिक्री दर्ज करता है। देखा जाए तो उत्पादन में 16% प्रतिशत की वृद्धि और सीपीएलवाई पर बिक्री में 37% की बेहतर वृद्धि दर्शाई है, वहीं हमारी परियोजना ने पिछले किसी भी साल के मई माह के रिकार्डस को तोड़ते हुए मई 2023 में लौह अयस्क उत्पादन के सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमानों को हासिल करते हुए आरओएम उत्पादन 12.33 लाख टन, कुल उत्खनन 16.08 लाख टन एवं एलसीएफ उत्पादन 13.27 लाख का निष्पादन किया है। इसके लिए मैं सभी को हार्दिक बधाई देता हूं ।

परियोजना में इस माह आतंकवाद विरोधी दिवस, राजभाषा तकनीकी सेमिनार, अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस, नर्सेस डे एवं बुद्ध पूर्णिमा जैसे विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए ।

शुभकामनाओं के साथ .....

आपका,

प.च. नाईक

(पद्मनाभ नाईक)

## कंपनी का मई माह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



एनएमडीसी ने 3.17 एमएनटी का उत्पादन किया और वित्त वर्ष 2024 के दूसरे महीने में 3.62 एमएनटी लौह अयस्क की बिक्री की, जो कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक मई माह का उत्पादन और बिक्री दर्ज करता है। वित्तीय वर्ष 2024 के पहले दो माहों में, कंपनी ने लौह अयस्क का 7.22 एमएनटी उत्पादन और 7.05 बिक्री की है। "इस बेहतर प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में भारत के लौह अयस्क उत्पादन की मात्रा में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की भविष्यवाणी की गई है। इस खंड में सबसे बड़े योगदानकर्ता के रूप में एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2024 की शुरूआत में रिकॉर्ड उत्पादन और बिक्री के साथ गति को सही निर्धारित किया गया है। नए युग की तकनीक और डिजिटलीकरण में हमारा निवेश कंपनी और उद्योग को समृद्ध लाभांश दे रहा है।"

## मुख्य सतर्कता अधिकारी का आगमन

दिनांक 03/05/2023 को एनएमडीसी मुख्यालय, हैदराबाद से मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बी. विश्वनाथ जी का किरन्दुल परियोजना में आगमन हुआ। अतिथि गृह में तत्कालीन परियोजना प्रमुख श्री विनय कुमार एवं अन्य विभागाध्यक्षों द्वारा स्वागत किया गया। दिनांक 04/05/2023 को मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा परियोजना प्रमुख के सम्मेलन कक्ष में परियोजना के अधिकारियों के लिए इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में "खरीद एवं सेवा अनुबंध के सामान्य नियम एवं नीतियां" विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य सतर्कता अधिकारी ने अनेक मामलों के अध्ययन का सविस्तर विवरण देते हुए अधिकारियों को संभावित त्रुटियों के बारे में अवगत कराया और सतर्क रहने बाबत जागरूक किया। तत्पश्चात विभागाध्यक्षों की बैठक ली एवं अवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात उनके द्वारा पर्यावरण संतुलन हेतु पौधारोपण किया गया।







## नए परियोजना प्रमुख का स्वागत

दिनांक 27.5.2023 को किरंदुल परियोजना प्रमुख बनने पर श्री पद्मनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक का पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया गया। इस दौरान श्री एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), श्री आर. राजाकुमार, महाप्रबंधक (संयंत्र), श्री एस.के. कोचर,महाप्रबंधक (खनन), श्री ए.के. सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन सहित अन्य विभागाध्यक्षों व श्रमिक प्रतिनिधियों ने भी पुष्पगुच्छ देकर श्री नाईक जी का स्वागत किया। तत्पश्चात अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों से औपचारिक मुलाकात की।














## मई माह में उत्पादन के नए कीर्तिमान

माह मई, 2023 में परियोजना ने अब तक के किसी भी मई माह के दौरान किसी भी साल की सबसे अधिक निष्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि हेतु सभी को हार्दिक बधाई।

| क्र. | विवरण | उपलब्धि | पिछला सर्वश्रेष्ठ (लाख टन में) |
|---|---|---|---|
| 1 | आरओएम उत्पादन | 12.33 | 11.04 (2022—23) |
| 2 | कुल उत्खनन | 16.08 | 14.53 (2022—23) |
| 3 | एलसीएफ उत्पादन | 13.27 | 11.73 (2022—23) |
| 4 | आरओएम उत्पादन 11 / बी | 4.80 | 4.16 (2020—21) |
| 5 | कुल उत्खनन 11 / बी | 5.95 | 5.16 (2022—23) |
| 6 | एसपी—1 उत्पादन | 6.64 | 6.09 (2022—23) |

## निदेशक (तकनीकी) कार्यभार ग्रहण

दिनांक 19 मई 2023 को श्री विनय कुमार जी ने कंपनी में निदेशक (तकनीकी) का कार्यभार ग्रहण किया। सर्वप्रथम उन्होंने श्री अमिताभ मुखर्जी जी, सीएमडी को पुष्पगुच्छ भेंट कर सौजन्य मुलाकात की। इसी प्रकार श्री डी.के. मोहंती जी, निदेशक (उत्पादन) को पुष्पगुच्छ देकर सौजन्य भेंट की। तकनीकी विभाग के समूचे कार्मिकों ने निदेशक (तकनीकी) का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।









## विदाई समारोह

दिनांक 19.05.2023 को श्री विनय कुमार को कंपनी के निदेशक (तकनीकी) बनने पर परियोजना कार्यालय, माइनिंग इंजीनियर्स एसो. बैलाडीला चेप्टर तथा बैला क्लब की ओर से भी भावपूर्ण विदाई दी गई। उनके सम्मान में बैला क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। समारोह में श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा, श्रीमती राखी सिंह, उपाध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति, सर्वश्री एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), आर. राजाकुमार, महाप्रबंधक (संयंत्र), एम. सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (विद्युत), एस.के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन), भान सिंह, परियोजना प्रबंधक, एसपी-।।। पी. प्रसाद, महाप्रबंधक (एमएंडएस), के. साजी, अध्यक्ष, एसकेएमएस यूनियन, चिन्नास्वामी और राकेश लाल, प्रतिनिधि, एमएमडब्ल्यू यूनियन सहित अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। समारोह में श्री विनय कुमार जी के उज्ज्वल भविष्य तथा सुखद-स्वास्थ्य की कामना की गई।


























## राजभाषा तकनीकी सेमिनार

दिनांक 16-05-2023 को किरंदुल परियोजना में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन खनन उद्योग में हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) : संभावनाएं एवं उपयोग तथा लौह अयस्क उत्पादन हेतु पणधारियों से समन्वय स्थापित करना : चुनौतियां एवं उपाय विषयों पर किया गया। मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार ने तकनीकी आलेखों के संकलन की पत्रिका तकनीकी क्षितिज का विमोजन किया। अपने संबोधन में उन्होंने तकनीकी सेमिनार की प्रासंगिकता को बेहद जरूरी बताते हुए कहा कि आलेखदाताओं ने तकनीकी विषयों को अत्यन्त सहज तरीके से प्रस्तुत किया जिसकी उन्होंने सराहना की। श्री बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सेमिनार की उपयोगिता पर बल दिया और विभिन्न गतिविधियों के बीच में राजभाषा तकनीकी सेमिनार के विशेष आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। एनएमडीसी मुख्यालय से पधारे श्री आर.एन.मिश्र, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने भी अपने भाषण में परियोजना द्वारा आयोजित तकनीकी सेमिनार के विषयों के चयन को बेहद उपयुक्त बताया। श्री मधुकर सितापराव, उपाध्यक्ष, एसकेएमएस एवं श्री राजेन्द्र यादव, प्रतिनिधि, एमएमडब्ल्यू यूनियन, ने सेमिनार पर अपने विचार रखें। सेमिनार के प्रथम सत्र का आरंभ श्री बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने किया। सेमिनार दो सत्रों में संपन्न हुआ जिसमें पन्ना, बचेली, हैदराबाद किरंदुल के प्रतिभागियों को शामिल किया गया था। इन प्रतिभागियों ने पावर प्वाइंट के जरिए बेहद विस्तारपूर्वक उपर्युक्त चयनित विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रतिभागियों को स्मृति चिहन एवं विभागाध्यक्षों को सम्मान चिहन प्रदान किए गए। सेमिनार में सर्वश्री एम. सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (विद्युत), पी. प्रसाद, महाप्रबंधक (एमएंडएस) के साथ ही अन्य विभागध्यक्ष मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद श्री संजय पाटील, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) ने किया। जबकि कार्यक्रम की सफलता में श्री ए.पी. पाण्डव, वरिष्ठ आशुलिपिक (हिन्दी) एवं सुश्री सावित्री आलेन्द्र तथा कार्मिक विभाग आधिकारियों का योगदान रहा।


एनएमडीसी लिमिटेड
NMDC


NMDC
राजभाषा तकनीकी सेमिनार
दिनांक - 16.05.2023


एनएमडीसी लिमिटेड
बैलाडीला आयरन ओर माइन, किरन्दुल कॉम्प्लेक्स




एनएमडीसी लिमिटेड
बैलाडीला आयरन ओर माइन, किरन्दुल कॉम्प्लेक्स


एनएमडीसी लिमिटेड
बैलाडीला आयरन ओर माइन, किरन्दुल कॉम्प्लेक्स
NMDC




## आई.आर. क्लीयरेंस प्रणाली



परियोजना में दिनांक 21.05.2023 को ठेकेदारों को आर.ए. बिल व अंतिम बिल भुगतान के पूर्व औधोगिक प्रमाणीकरण (आई.आर क्लीयरेंस) ऑनलाइन किये जाने की प्रकिया का शुभारंभ श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) ने किया। डिजिटलाईजेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑनलाइन फूड कूपन के माध्यम से सभी ठेका श्रमिकों को ऑनलाइन सामान लेने में लाभ लेने के इस प्रकिया को लागू किया गया है। इस के जरिए ठेका श्रमिकों का संपूर्ण डाटा बैंक तैयार किया गया है जिसकी जब भी आवश्यकता हो उपयोग किया जा सकता है। इससे न की समय की बचत होगी बल्कि कागजात की भी बचत होगी। इस प्रणाली को विकसित करने में सी.एण्ड.आई.टी विभाग के प्रमुख श्री एस. चिकाटे, उमप्र एवं पूरी टीम का अहम योगदान रहा है। इस अवसर पर सर्व श्री एस.बी. सिंह, मप्र (उत्पादन), आर. राजकुमार मप्र (संयंत्र), एम. सुब्रमण्यम, मप्र (विद्युत), बी.के माधव, उमप्र, (कार्मिक), आर. इम्रान मप्र (सिविल), अनुबंध विभाग, पी. प्रसाद, मप्र (एम ऑण्ड एस) एस. कोचर मप्र (खनन) एवं खदान प्रबंधक, बानसिंह, परियोजना प्रबंधक, एस.पी. III आदि के साथ विभागध्यक्ष उपस्थित थे।





## आतंकवाद विरोधी दिवस

दिनांक 21.05.2023 को परियोजना के प्रशासनिक भवन के प्रांगण में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम श्री एस.बी.सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन) ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई। श्री बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने आतंकवाद विरोध दिवस पर कहा कि आतंकवाद देश के लिए बड़ा खतरा है। आज दुनिया के तमाम देश आतंकवाद से पीड़ित है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की आतंकवादी घटना में मौत होने के बाद से देश में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाने लगा। इस अवसर पर श्री एस.के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन), श्री सेल्व कुमार, महाप्रबंधक (यां.) सहित विभागाध्यक्ष, यूनियन पदाधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।






# महिला जगत

## प्रेरणा महिला समिति

दिनांक 21-5-2023 को श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा को प्रेरणा महिला समिति की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर श्रीमती बबिता को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सुखद-स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए समिति में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया गया। इस दौरान सर्वश्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), श्रीमती राखी सिंह, उपाध्यक्षा सहित समिति के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्याएं उपस्थित थी।






















# विद्यालय समाचार

## बीआईओपी स्कूल

**सी.बी.एस.ई.
दसवीं परीक्षा
परिणाम वर्ष 2022-23**



कु. देवकी भादुरी
पिता-श्री सुशांत भादुरी
86.20 %



कु. मेघा टीकेदार
पिता-श्री सरोजित टीकेदार
76.20 %



कु. आशा शर्मा
पिता-श्री अनदीप शर्मा
67.20 %

**विज्ञान संकाय**

**सी.बी.एस.ई.
बारहवीं परीक्षा
परिणाम वर्ष 2022-23**



मा. प्रभात प्रसाद
पिता-श्री शिवचरन प्रसाद
70.00 %



मा. सुमित कुंडू
पिता-श्री जवाहर कुंडू
66.00 %



कु. प्रस्तुति आइन
पिता-श्री पल्लव आइन
65.00 %

**वाणिज्य संकाय**

**सी.बी.एस.ई.
बारहवीं परीक्षा
परिणाम वर्ष 2022-23**



कु. जी. श्रेया
पिता-श्री जी. ईश्वर राव
89.60 %



कु. ईशा विश्वास
पिता-श्री संजय विश्वास
75.00 %



मा. अनिश कुमार सिंह
पिता-श्री कष्णा सिंह
70.20 %

**कला संकाय**

**सी.बी.एस.ई.
बारहवीं परीक्षा
परिणाम वर्ष 2022-23**



कु. अदिती भट्टाचार्य
पिता-श्री ए.भट्टाचार्य
92.20 %



मा. न्यूटन
पिता-श्री राधाकृष्णा सिंह
78.20 %



मा. तनीश यादव
पिता-श्री नरेश यादव
69.20 %

## डीएवी स्कूल

### सी.बी.एस.ई. दसवीं परीक्षा परिणाम वर्ष 2022-23



**मा. बलराम गौड़ा**
पिता-श्री चित्रसेन गौड़ा
94.40 %



**मा. अरमान सुलेमान**
पिता-श्री एमडी अकबर सुलेमान
93.40 %



**कु. हर्षिता कौशल**
पिता-श्री विजय कुमार कौशल
91.40 %

### विज्ञान संकाय

### सी.बी.एस.ई. बारहवीं परीक्षा परिणाम वर्ष 2022-23



**कु. मुस्कान सोना**
पिता-श्री विपिन सोना
81.60 %



**मा. हेमंत कुमार देवांगन**
पिता-श्री उमा शंकर देवांगन
79.40 %



**कु. कुसुम ठाकुर**
पिता-श्री विषय लाल ठाकुर
78.20 %

### वाणिज्य संकाय

### सी.बी.एस.ई. बारहवीं परीक्षा परिणाम वर्ष 2022-23



**कु. मुस्कान कुमारी प्रसाद**
पिता-श्री शिवचरण प्रसाद
89.00 %



**मा. टी. मनीषा**
पिता-श्री टी इश्वर राव
85.20 %



**कु. एन. शिष्या राव**
पिता-श्री एन.श्रीनिवास राव
75.40 %

### कला संकाय

### सी.बी.एस.ई. बारहवीं परीक्षा परिणाम वर्ष 2022-23



**मा. अभय विश्वास**
पिता-श्री अरुण विश्वास
64.80 %



**मा. रंजीत गंडा**
पिता-श्री रतन गंडा
59.20 %



**कु. कृतिका भोयर**
पिता-श्री वेणुधर
54.40 %

## केन्द्रीय विद्यालय



**कु. अनुश्री**
पिता-डॉ. रामकृष्णा कुम्भाकर
95.48 %



**कु. शगुन**
पिता-श्री सुमित कुमार
94.28 %



**कु. कनिष्का वर्मा**
पिता-श्री तुलाराम वर्मा
94.28 %



**मा. आरुष गुप्ता**
पिता-श्री सुशील चन्द्र गुप्ता
93.68 %

**सी.बी.एस.ई.
दसवीं परीक्षा
परिणाम वर्ष 2022-23**



**मा. अमित कुमार**
पिता-श्री देव नारायण
93.80 %



**कु. नितिषा महेश**
पिता-श्री टी. महेशन
92.20 %



**कु. ओ. प्रियदर्शिनी**
पिता-श्री ओम प्रकाश
90 %



**मा. पुष्कर साहू**
पिता-श्री विश्वनाथ साहू
90 %

**विज्ञान संकाय**

**सी.बी.एस.ई.
बारहवीं परीक्षा
परिणाम वर्ष 2022-23**

## विद्या मंदिर नर्सरी स्कूल

दिनांक 21-5-2023 को श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति को स्कूल की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। प्राचार्य, श्रीमती पूर्णिमा ने श्रीमती बबिता जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत करते हुए उनके स्कूल में किए गए अमूल्य योगदान और विकासात्मक कार्यों की सराहना की। मैडम बबिता ने बच्चों को उपहार वितरित किए। स्कूल की ओर से श्रीमती बबिता को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। विदाई कार्यक्रम में श्रीमती राखी सिह, उपाध्यक्षा सहित स्कूल की शिक्षिकाएं एवं बच्चें उपस्थित थे। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।











## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस




दिनांक 01 मई, 2023 को एसकेएमएस यूनियन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। इस दौरान विशाल रैली निकाली गई जो नगर के विभिन्न कॉलोनियों से होकर गुजरी। संध्याकाल में मुख्य कार्यक्रम परियोजना विद्यालय के प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सर्वश्री का. मनीष कुंजाम, पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा, एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), एम. सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (विद्युत) उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत इप्टा कलाकारों ने गीत प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत कर्मचारी साथियों की याद कर दो मिनट का मौनधारण हुआ। अतिथियों ने संबोधित करते हुए यूनियन की प्रशंसा एवं मजदूरों की हितैषी, मजदूरों की प्रतिबद्धता और समर्पण को सम्मान देने के लिए यूनियन का बहुत बड़ा योगदान है कि बात कही। वही सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री मंगलराम नागवंशी को स्मृति चिह्न तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकरों को भी सम्मानित किया गया। बीजापुर और सुकमा जिला के साथियों और महिला सदस्यों द्वारा नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति दी गई। श्री के. साजी, अध्यक्ष, राजेश संधू, सचिव, मधुकर सितापराव, उपाध्यक्ष, नरसिम्हा रेड्डी, नोमेश्वर राव सहित अन्य पदाधिकारी व आम सदस्य उपस्थित थे। मंच संचालन सर्वश्री नरसिम्हा रेड्डी, प्रदीप नामदेव, उपेन्द्र त्रिपाठी और लक्ष्मी ताम्रकर ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापित श्री मधुकर सितापराव ने किया।





























## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

दिनांक 01 मई, 2023 को एमएमडबल्यू यूनियन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस इंटक भवन में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मजदूर साथियों द्वारा आम सभा आयोजित हुईं जिसमें श्री विनोद कश्यप, अध्यक्ष एवं श्री ए.के. सिंह,सचिव ने मजदूर साथियों को संबोधित करते हुए मजदूर दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मजदूर एकता जिंदाबाद के नारे लगाए गए। तत्पश्चात मजदूर साथियों द्वारा विशाल मोटरसाईकिल रैली निकाली गई जो नगर के विभिन्न कॉलोनियों से होकर गुजरी। अन्त में सभी को धन्यवाद देकर कार्यक्रम समाप्त हुआ।





## स्थापना दिवस व आनंद मेला

दिनांक 10-5-2023 को परियोजना विद्यालय के प्रांगण में एमएमडब्ल्यू यूनियन द्वारा इंटक की 76वीं वर्षगांठ मनाई गई । इस दौरान आनंद मेला और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ । मुख्य अतिथि श्री आर.राजाकुमार, महाप्रबंधक (संयंत्र) व विशिष्ट अतिथि श्री बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), डा.एम.वी. लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राजेश संधू, सचिव, एसकेएमएस उपस्थित थे । अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन, छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की । अतिथियों ने संबोधन में एमएमडब्ल्यू यूनियन की प्रशंसा की। कार्यक्रम में श्री विनोद कश्यप, अध्यक्ष, श्री ए.के. सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे । मंच संचालन श्री दिनेश साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनियन के सभी सदस्यों का अमूल्य योगदान रहा । सभी ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।













## अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे



मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा, किरंदुल द्वारा परियोजना चिकित्सालय में विश्व विख्यात नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस को अंतर्राष्टीय नर्सेस डे के रूप में मनाया जाता है । श्री विनोद कश्यप, अध्यक्ष एवं श्री ए.के. सिंह, सचिव के नेतृत्व में अपनी सेवा, समर्पण और त्याग के लिए परियोजना चिकित्सालय एवं शासकीय अस्पताल किरंदुल में कार्यरत नर्सेस को सम्मानित किया गया । चिकित्सालय के डॉ. एम.वी.लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। डॉ. लाल ने कहा कि हमारी नर्सें, हमारा भविष्य है। नर्सिंग मानव समाज को देखभाल और स्नेह के बंधन से बांधती है। नर्सों का दायरा केवल अस्पताल तक ही सीमित नही हैं । नर्सिंग का दायरा बहुत बड़ा है । इसी प्रकार राजेन्द्र यादव, देवनारायण ने शुभकामना संदेश देते हुए अंतर्राष्टीय नर्सेस डे की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नर्सों को सम्मानित किया गया। डॉ. अंजू शाह, मेट्रन उर्मिला जार्ज, संध्या रानी, रोमियो मसीह सहित समस्त नर्सेस तथा मेडिकल स्टॉफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन त्रिलोक बांधे तथा आभार व्यक्त ब्रजेश मिश्रा ने किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश लाल, ओम कुमार साहू, शैलेश रथ, प्रशांत ठाकुर, टीकम साहू, पतिराम बघेल, एम.के.मल्लाह, अरूण नेताम, मोहित देशमुख, रवीश तिवारी, जे.पी. राजगीर आदि का अमूल्य सहयोग रहा।





## बुद्ध पूर्णिमा

दिनांक 05-05-2023 को बौद्ध अनुयायियों द्वारा बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात पंचशील का पाठ किया गया और सभी से भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलने तथा उनके उपदेशों से सीख लेने की बात कही गई। कार्यक्रम में सर्वश्री एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), धर्मेन्द्र सिन्हा, सहा.महाप्रबंधक (कार्मिक), के.पी. बंसोड, उप महाप्रबंधक (सिविल) के. साजी, अध्यक्ष, राजेश संधू, सचिव, एसकेएमएस, ए.के. सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन, कई अधिकारी, कर्मचारी, नागार्जुन बौद्ध बिहार के श्री भीमराव डांगे सहित अन्य पदाधिकारी, महिलाएं उपस्थित थीं।






## कार्मिक मामले

### सेवानिवृत्ति


श्री के.श्रीधर बाबू
व्याख्याता


श्री नीलाम्बर महानंद
मा. एचईएम आप.


श्री संजय कुमार बोकाड़े
सीनि. फर्मासिस्ट


श्री सतीश नखाते
मा. एचईएम आप.


श्री तिरुपति राव
मा. एचईएम आप.

### स्थानांतरण

| | |
|---|---|
| विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) | किरंदुल से हैदराबाद |
| पंकज कुमार तिवारी, सहा.म.प्र.(भू-विज्ञान) | किरंदुल से हैदराबाद |

## उत्पादन एवं प्रेषण की स्थिति (लाख टन में) मई, 2023

स्रोत : औद्योगिक अभि. विभाग, किरन्दुल

| उत्खनन | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| आर.ओ.एम. | 12.95 | 12.33 | 95% |
| वेस्ट उत्खनन (रिपोर्टेड) | 3.20 | 3.76 | 117% |
| कुल | 16.15 | 16.08 | 100% |

| उत्पादन | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| लम्प | 2.10 | 2.67 | 127% |
| सी.एल.ओ. | 2.45 | 1.86 | 76% |
| फाईन (स्लाईम सहित) | 11.45 | 8.73 | 76% |
| कुल | 16.00 | 13.27 | 83% |

| प्रेषण | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| लम्प | 2.10 | 1.98 | 91% |
| सी.एल.ओ. | 2.45 | 1.75 | 71% |
| फाईन (स्लाईम सहित) | 11.45 | 9.45 | 83% |
| कुल | 16.00 | 13.18 | 82% |

एन एम डी सी

NMDC

संपादक : संजय पाटील, सहायक महाप्रबंधक (राभा)

एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला आयरन ओर माईन, किरन्दुल काम्प्लेक्स

जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़, पिन-494556 द्वारा प्रकाशित एवं के. रघु राव, किरन्दुल द्वारा मुद्रित